Re: Construction of bridges on rivers in Khagaria Parliamentary Constituency -- laid

चौधरी महबूब अली कैसर (खगड़िया): मैं सरकार का ध्यान खगड़िया लोक सभा के अति महत्वपूर्ण मुद्दों पर ले जाना चाहता हूं मेरा संसदीय क्षेत्र बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है एवं यहां से बहुत सारी नदियां गुजरती हैं जो क्षेत्रों को कई भागों में बांट देती है। मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि खगड़िया जिला के अंतर्गत अलौली प्रखंड के मोहरा घाट, बेलदौर प्रखंड के केजरी घाट, सहरसा जिला अंतर्गत सिमरी बख्तियारपुर सबडिवीजन अंतर्गत चिकन घाट तथा समस्तीपुर जिला के विट्ठल प्रखंड के परी घाट पर हाई लेवल पुल का निर्माण किया जाए।